Sanskrit (Honours)
B.A. (Ist Part)

Date - 9/5/2020

डॉ० रामकीर्ति रमण सिंह
अतिथि शिक्षक
विषय- संस्कृत
आर० डी० एन० कॉलेज, मेजौल
दरभंगा

लघुसिद्धान्त कौमुदी (अच्सन्धिः) -

पूर्व में बताया गया है कि किस प्रकार 'शक्न्ध्वादिषु पररूपं वाच्यम्' वार्तिक से पररूप का कार्य सम्पन्न होता है।

'आकृति गणं इयम्' अर्थात् इस वार्तिक से बने शब्दों को उनकी आकृति के समान लेना चाहिए। जैसे 'मार्तण्डः' शब्द भी 'शक्न्ध्वादि' गण में ही पठित है।

मार्तण्डः - 'मृत + अण्डः' इस प्रकार के विग्रह में 'अकः सवर्णे दीर्घः' सूत्र से पूर्व सवर्ण दीर्घ की प्राप्ति की स्थिति में, इसे बाधित कर 'शक्न्ध्वादिषु पररूपं वाच्यम्' वार्तिक से पररूप होने पर तथा 'तत आगतः' सूत्र से अण् प्रत्यय करने पर तथा आदि अच् की वृद्धि होने पर 'मार्तण्डः' यह रूप बनता है।

(सूत्र) ओमाङोश्च - 'ओमि आङि च परे पररूपमेकादेशः स्यात्।' अर्थात् अवर्ण से 'ओम्' एवं 'आङ्' आगे रहे तो पूर्व एवं पर के स्थान में 'पररूप' एकादेश होता है।

शिवायों नमः - 'शिवाय + ओं नमः' इस प्रकार के विग्रह यकारवाली अवर्ण से परे 'ओम्'

Scanned with CamScanner

की स्थिति में 'ओमाङोश्च' सूत्र से पूर्व एवं पर के स्थान में पररूप एकादेश होने पर 'शिवायोंनमः' रूप बनता है।

(सूत्र) अन्तादिवच्च - 'योऽयमेकादेशः स पूर्वस्यान्तवत् परस्यादिवत्' अर्थात् जो यह 'एकादेश' होता है वह पूर्व पद के अन्तवत् होता है एवं 'पर' के 'आदिवत्' होता है।

शिवेहि - 'शिव + आङ् + इहि' इस प्रकार के विग्रह 'हलन्त्यम्' सूत्र से ङकार की इत्संज्ञा एवं तस्य लोपः सूत्र से उसके लोप होने पर 'शिव + आ + इहि' इस स्थिति में 'शिव' के 'अ' एवं 'आ' को मिलाकर 'अकः सवर्णे दीर्घः' सूत्र से दीर्घ की प्राप्ति होने पर तथा 'आ + इहि' में 'आद्गुणः' सूत्र से गुणकार्य की प्राप्ति की स्थिति में 'धातुपसर्गयोः कार्यमन्तरङ्गम्, अन्यद् बहिरङ्गम्' इस परिभाषा के अनुसार 'आङ्' चूँकि उपसर्ग है एवं 'इहि' धातु है अतः यह कार्य 'अन्तरङ्ग' है तथा 'दीर्घ' वाला कार्य 'बहिरङ्ग' है। फिर 'असिद्धं बहिरङ्गमन्तरंगे' परिभाषा के अनुसार (अन्तरंग कार्य के आगे बहिरंग कार्य असिद्ध होता है) ~~के विधान~~ दीर्घ कार्य को बाधित कर 'आद्गुणः' सूत्र से 'गुण' होने पर 'शिव + एहि' यह स्थिति बनती है। फिर 'अन्तादिवच्च' सूत्र के विधान के अनुसार 'ओमाङोश्च' सूत्र से 'पररूप' होने पर 'शिवेहि' यह रूप बनता है।

Rukmit Rana Mee
9/5/2020

Scanned with CamScanner